सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 38 | इंदौर, गुरुवार 21 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## तीन लड़के, विदेशी दोस्त और 12 दिन... अर्चना तिवारी की रहस्यमयी कहानी में ये अहम किरदार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** एमपी की युवा वकील अर्चना तिवारी का 12 दिन तक रहस्यमय तरीके से गायब होना केवल उनके परिवार ही नहीं बल्कि पूरे पुलिस के लिए भी चुनौती बन गया था. जज बनने का सपना देखने वाली 29 साल की अर्चना ने जिस बारीकी से अपने गायब होने का प्लान बनाया, उसने हर किसी को हैरान कर दिया. लेकिन इस कहानी में अर्चना अकेली नहीं थी. तीन लड़के और एक विदेशी दोस्त वह किरदार बने, जिनकी मदद से अर्चना 12 दिन तक पुलिस और परिवार की नजरों से बची रही.

**शादी का दबाव और भागने का ख्याल-** अर्चना के परिवार वाले उनकी शादी एक पटवारी से तय कर रहे थे. परिवार का कहना था कि पढ़ाई-लिखाई होती रहेगी, अब शादी भी कर लो. लेकिन अर्चना इस रिश्ते से खुश नहीं थीं. सिविल जज की तैयारी कर रही अर्चना का मानना था कि शादी उनकी पढ़ाई और करियर दोनों के बीच बाधा बनेगी. इसी असहमति ने उनकी ज़िंदगी को उस मोड़ पर ला खड़ा किया, जहां उन्होंने घरवालों से बचने के लिए गायब होने का नाटक रचा.

**सारांश से दोस्ती और प्लान की शुरुआत-** इंदौर में पढ़ाई के दौरान अर्चना की पहचान शुजालपुर निवासी सारांश से हुई. दोनों में नज़दीकियां बढ़ीं और जब अर्चना ने शादी से बचने की मजबूरी साझा की तो सारांश उनके साथ खड़ा हो गया. 6 अगस्त को हरदा में बैठकर अर्चना, सारांश और तेजेंद्र नाम के एक युवक ने पूरी मिसिंग प्लान की पटकथा लिखी.

**तेजेंद्र ड्राइवर जिसने दिया साथ-** तेजेंद्र, पेशे से ड्राइवर, अक्सर अर्चना को आउटस्टेशन ले जाया करता था. इसीलिए उसे इस रहस्यमय प्लान में शामिल किया गया. तय हुआ कि अर्चना नर्मदा एक्सप्रेस से कटनी जाने का बहाना करेंगी और बीच रास्ते से गायब हो जाएंगी. योजना के मुताबिक, इटारसी स्टेशन तक तेजेंद्र ट्रेन में उनके साथ रहा. बाद में उसे अर्चना का मोबाइल और कुछ कपड़े दिए गए, जिन्हें उसने मिडघाट के जंगल में फेंक दिया ताकि लगे कि लड़की कहीं गिर गई या हादसे का शिकार हो गई.

**सारांश ने आगे भी मदद की-** इटारसी स्टेशन पर अर्चना प्लेटफॉर्म छोड़कर सीधे सारांश की कार में बैठ गईं. वहां से दोनों ने ऐसी राहें चुनीं जहां न तो टोल टैक्स पड़े और न ही फास्टैग या सीसीटीवी के जरिए ट्रैकिंग हो सके. अर्चना कार की सीट पर लेटकर यात्रा करती रहीं ताकि किसी कैमरे में कैद न हों. दोनों पहले शुजालपुर, फिर बुरहानपुर पहुंचे. इसके बाद हैदराबाद, जोधपुर और दिल्ली तक का सफर तय किया गया. यह सब केवल इसलिए ताकि पुलिस गुमराह हो और किसी को भनक न लगे कि अर्चना सुरक्षित हैं.

# सीएम डॉ.यादव 582 करोड़ की अमृत 2.0 योजना की रखेंगे आधारशिला

## 30 हजार नए नल कनेक्शन उपलब्ध होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए नगर निगम ने 582 करोड़ रुपये की अमृत 2.0 योजना को लागू करने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना के तहत 700 किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। 36 ओवरहेड टंकियों का निर्माण होगा। चार नए इंटेक वेल्स और चार फिल्ट्रेशन पंपिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। योजना पूरी होने पर लगभग 30,000 नए घरेलू जल कनेक्शन उपलब्ध होंगे, जिससे 450 से अधिक कॉलोनियों और कई झुग्गी बस्तियों को लाभ मिलेगा।



### ◆ नए क्षेत्रों तक पहुंचेगा पेयजल

रातीबड़, नीलबड़, मलिपुर, हथाईखेड़ा, बागली, डेनिश हिल्स, गुराड़ी घाट, लहरपुर और अरविंद विहार जैसी नई बस्तियों तक भी पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में भोपाल की आबादी करीब 25 लाख है और शहर को रोजाना 440 एमएलडी पानी मिल रहा है। अनुमान है कि वर्ष 2040 तक मांग बढ़कर 575 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। ऐसे में यह परियोजना आने वाले 15 वर्षों तक जल संकट से बचाव में अहम भूमिका निभाएगी।

### ◆ अन्य विकास कार्य भी होंगे शुरू

जल परियोजना के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगर निगम के मैकेनिकल विभाग के 167 करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का भी शुभारंभ करेंगे। इनमें सड़कों, नालियों, पुल-पुलियाओं और वार्डों में क्रॉसिंग का निर्माण शामिल है। कार्यक्रम में दिवंगत निगम कर्मचारियों के परिजनों को करुणा नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर प्रदर्शन के लिए सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# खजराना गणेश का 8 किलो चांदी का मुकुट तैयार

## सोने का मुकुट भी बनवाने की तैयारी

**इंदौर। गणेश चतुर्थी के पहले इंदौर के खजराना गणेश के लिए 8 किलो चांदी से निर्मित मुकुट तैयार किया गया है। मंदिर समिति अब सोने का मुकुट बनवाने पर भी विचार कर रही है। इसके लिए दानदाताओं से भी दान की अपील की गई है।**

बुधवार को 8 किलो चांदी का यह मुकुट भगवान गणेश को लगाकर देखा गया। मुकुट को पूरी तरह से पहनाकर फिटिंग भी देखी जाएगी। यह मुकुट अलग तरह की डिजाइन में बनवाया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि भगवान के लिए सोने का मुकुट बनवाना था लेकिन उससे पहले चांदी का बनवाया है। मुकुट सुंदर है। संभवतः गुरुवार को इसे भगवान को पहनाकर देखा जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो चांदी के मुकुट के बाद सोने का मुकुट बनवाने की तैयारी की जाएगी।

मुकुट तैयार करवाया जाएगा। इसमें करीब 11 किलो सोना लगेगा। भगवान गणेश का स्वर्ण मुकुट करीब 5 किलो का बनेगा। मंदिर प्रबंधन के



पास साढ़े 4 से 5 किलो सोना है। भगवान के मुकुट तैयार करवाने के लिए दानदाताओं से भी अपील की जा रही है। चांदी का मुकुट लगाने के दौरान नगर निगम आयुक्त व मंदिर प्रशासक शिवम वर्मा, एसडीएम विनोद राठौर, ट्रैफिक डीसीपी मनोज खत्री, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, मुख्य पुजारी पं.अशोक भट्ट, सहित कई लोग मौजूद रहे। मुकुट लगाकर देखने के बाद साथ ही मंदिर प्रशासक ने आगामी उत्सव का पहला निमंत्रण भगवान गणेश को अर्पित किया।

# शुद्ध पर्यावरण ही हमारे स्वास्थ्य की कुंजी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नेमीनगर (जैन कॉलोनी) में दो दिवसीय पर्यावरण महाकाव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति साहित्यिक चेतना को बढ़ावा देना और पर्यावरण से संबंधित महाकाव्य परंपरा को आधुनिक संदर्भों में समझना रहा। यह जानकारी देते हुए दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया एवं प्रमुख संयोजक अनुपम जैन ने बताया**

इस अवसर पर सारस्वत कवि श्रमणाचार्य श्री विभव सागर जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि पर्यावरण हमारे स्वास्थ्य की कुंजी है हमारे रक्षक है हमें अपने जन्म दिवस पर एक पेड़ अवश्य



लगाना चाहिए अपने प्रकृति मां से प्रार्थना करते हुए कहा कि है प्रकृति मां हमें संभालो हम बालक हैं तेरे सर्वोषधिया खिला-खिला कर रोग भगाओ मेरे तेरे आंचल में पल पल कर जीवन स्वस्थ बनाएं आओ हम तुम सब मिलकर पर्यावरण बचाएं। आपने कहा कि आज हमारे बच्चों को भोजन पानी देने से ज्यादा जरूरी है शुद्ध पर्यावरण देना क्योंकि वायु है तो ही आयु है। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौर ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। एवं अपने संबोधन में कहा कि मैंने पहली बार एक ऐसे संत के दर्शन किए हैं जो समाज के साथ साथ प्रदेश और राष्ट्र की चिंता करते है। पर्यावरण की चिंता कर रहे हैं ,प्राण वायु ,पेड़ों से ही मिलती है। सभी लोग एक पेड़ अवश्य लगाने की बात कही, उन्होंने स्वयं के परिवार में जैन संस्कार विद्यमान होने की बात कहते हुए बताया कि वे भी रात्रि भोजन त्यागी हैं । कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अशोक जैन ग्वालियर ने की एवं सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. नलिन के शास्त्री बोधगया विशेष अतिथि के रूप में प्रो. राम मोहन शुक्ल उज्जैन एवं प्रो. किशोर पवार इंदौर उपस्थित रहे। संगोष्ठी के निदेशक डॉ. अनुपम जैन ने संगोष्ठी में दो दिवसीय संगोष्ठी की पूर्ण प्रस्तावित योजना को उद्घाटित किया।कार्यक्रम का सशक्त संचालन डॉ. समता जैन तथा आर्यिका ओमश्री एवं आर्यिका चर्या श्री ने मंगलाचरण के साथ हुआ। प्रथम दिवस के तीन तकनीकी सत्रों में पर्यावरण महाकाव्य पर 13 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। समाज अध्यक्ष श्री कैलाश जी लुहाड़िया एवं महामंत्री गिरीश पाठक उपस्थित सभी विद्वतजनों का स्वागत किया तथा आभार श्री गिरीश पाटोदी ने माना।

# सिंघार बोले- वोट चोरी के कारण इंदौर की 5 नंबर और देपालपुर हारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा पिछले विधानसभा चुनाव में वोट चोरी के आधार पर भाजपा द्वारा 27 सीटों पर जीत दर्ज करने का आरोप लगाया है। इसमें दो सीटें इंदौर की है। सिंघार ने उन सभी 27 विधानसभा क्षेत्र की जो सूची जारी की, इसमें इंदौर के भी दो विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सिंघार की सूची के अनुसार इंदौर की 5 नंबर और देपालपुर सीट पर वोट चोरी के कारण कांग्रेस की हार हुई है।**

सिंघार ने कल भोपाल में कहा कि वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के पहले जनवरी से 2 अगस्त तक 7 महीने की अवधि में प्रदेश में 4 लाख मतदाताओं के नाम जोड़े गए। इसके बाद 2 अगस्त से चार अक्टूबर तक दो महीने में 16 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। इस दौरान 9 जून को चुनाव आयोग ने मध्य



प्रदेश सहित पांच राज्यों में मतदाता सूची में किए जा रहे संशोधन को वेबसाइट पर प्रकाशित नहीं करने और किसी के साथ साझा नहीं करने का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि 2 दिसंबर 22 को राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा विभिन्न जिलों को 8.51 लाख नकली और डुप्लीकेट मतदाताओं के प्रविष्टि हटाने के निर्देश दिये गए थे। इस निर्देश के परिप्रेक्ष्य में किस जिले में कौन सी प्रविष्टि हटाई गई, इसका खुलासा नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश के 27 विधानसभा क्षेत्र में जो बड़ी संख्या में मतदाता जोड़े गए, उसके कारण नाममात्र के अंतर से कांग्रेस के प्रत्याशी की हार हुई है। यह मतदाता भाजपा को अनैतिक लाभ देने के लिए जोड़े गए थे। उन्होंने कहा कि देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 2 अगस्त 2023 के दिन 2 लाख 53 हजार 412 मतदाता थे, जो कि चार अक्टूबर 2023 को बढ़कर 2 लाख 67 हजार 360 मतदाता हो गए। इस विधानसभा क्षेत्र में 13948 मतदाता जोड़े गए। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी 13698 मतों से पराजित हुआ। सिंघार ने बताया कि इंदौर विधानसभा पांच में 2 अगस्त 2023 को मतदाताओं की संख्या 389928 थी, जबकि यह संख्या चार अक्टूबर 2023 को बढ़कर 413447 हो गई। इस तरह इस विधानसभा क्षेत्र में ही 23519 मतदाता जोड़े गए। इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी 15671 वोटों से पराजित हुआ है।

# दशहरे तक तैयार होगा मालवा मिल ब्रिज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मालवा मिल क्षेत्र में बन रहे ब्रिज का कार्य दशहरे तक पूरा होने की उम्मीद है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भरोसा दिलाया है कि यह ब्रिज दशहरे तक बनकर तैयार हो जाएगा और इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला खजराना गणेश मंदिर तक प्रस्तावित मास्टर प्लान की सड़क और निर्माणाधीन मालवा मिल ब्रिज का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी जानकारी ली और निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। महापौर भार्गव ने बताया कि यह संतोष की बात है कि स्थानीय रहवासियों और पार्षदों की पहल पर लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को शेष बचे अतिक्रमण पर नोटिस जारी कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा किया जा सके। महापौर ने कहा कि खजराना गणेश मंदिर की शहर भर से बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए यह सड़क प्राथमिकता पर बनाई जा रही है। सिंहस्थ और गणेश चतुर्थी जैसे आगामी त्योहारों को देखते हुए सर्विस रोड और पेचवर्क का कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, राजेंद्र राठौड़, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद रुबीना खान, उस्मान पटेल सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। महापौर और विधायक ने मालवा मिल पर निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण करते हुए निर्माण गति पर संतोष जताया। महापौर ने हाल ही में हुई एक घटना के मद्देनज़र अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और आश्वासन दिया कि यह ब्रिज दशहरे तक बनकर तैयार हो जाएगा और इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

# खतरनाक मकान भरभरा कर गिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के तोड़ा क्षेत्र में एक खतरनाक मकान भरभरा कर गिर पड़ा। जिस वक्त यह हादसा हुआ, तब न तो मकान के भीतर कोई था और न ही आसपास लोग खड़े थे। इस कारण कोई जनहानि नहीं हुई। समीप के खाली प्लॉट पर खुदाई की जा रही थी। इस कारण पास का मकान गिर पड़ा।**

तीन साल पहले जवाहर मार्ग से चंद्रभागा जूनी इंदौर की रिवर साइड रोड बनाने के लिए 50 से ज्यादा मकानों के आगे के हिस्से हटाए गए थे, लेकिन बचे हिस्से रहने लायक नहीं बचे थे। पिछले दिनों नगर निगम ने 18 आधे मकानों को भी तोड़ा था,ताकि हादसा न हो। बुधवार दोपहर मकान गिरने की घटना के बाद आसपास के लोग डर गए। उन्हें आशंका थी कि कही मलबे में कोई दबा न हो। मौके पर रावजी बाजार पुलिस भी पहुंची और जांच की। मलबे में किसी के दबे होने की सूचना नहीं मिली। यह मकान सैय्याद अखलाक का



है। इसका कुछ हिस्सा सड़क की चौड़ाई की जद में आने के कारण तोड़ा गया था, लेकिन मकान मालिक ने बचे हिस्से की मरम्मत नहीं की थी। मकान खतरनाक स्थिति में होने के कारण चार माह पहले परिवार के लोगों मकान खाली कर दूसरी जगह रहने चले गए थे। तीन मंजिला मकान पिलर धंसने के कारण गिरा। यह मकान 40 साल से ज्यादा पुराना था और वर्षों तक कई किराएदार भी रहते थे। इस नए मार्ग पर कुछ अन्य मकान भी है, जो अधूरे टूटे हुए है। अब नगर निगम की टीम उन मकानों की पड़ताल भी कर रही है। नगर निगम का अमला झांकी मार्ग के खतरनाक मकानों की भी जांच कर उन्हें नोटिस देगा, ताकि चल समारोह के दौरान हादसा न हो।

## मंत्री विश्वास कैलाश सारंग आज इंदौर में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग गुरुवार 21 अगस्त को एक दिवसीय इंदौर प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान मंत्री श्री सारंग इंदौर में द इकोनॉमिक टाइम्स ईडीएनएक्सटी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 2 बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के आय.एम.एस. सभागृह तक्षशिला परिसर में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद मंत्री श्री सारंग राऊ विधानसभा क्षेत्र के बिजलपुर स्थित खेल परिसर का अवलोकन करेंगे तथा बी-पेक्स राऊ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित का भी भ्रमण करेंगे।

# आयुष्मान कार्ड वालों से सर्जरी के नाम पर मांगे पैसे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के नजदीक कनाड़िया स्थित फिनिक्स हॉस्पिटल में मरीजों से आयुष्मान योजना में सर्जरी के नाम पर रुपए मांगे गए। इस मामले की शिकायत कुछ मरीजों और उनके परिजनों ने कलेक्टर से की। एडीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम यहां पहुंची तो गड़बड़ियां सामने आईं।**

एक मरीज ने कलेक्टर से की गई अपनी शिकायत में बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने उससे 45 से 50 हजार रुपए का सर्जरी का खर्च बताया। सर्जरी के एक दिन पहले 25 हजार रुपए मांगे। हमारे विरोध करने के बाद 16 हजार रुपए में माने। कहा कि इतने तो लगेंगे ही। मरीज को भर्ती कराने वाले डॉक्टर का कमीशन है। इस मामले में अस्पताल संचालक डॉ. गर्वित अरोरा ने कहा हम पर लगे आरोप निराधार हैं। हम इसके सारे सबूत प्रशासनिक अफसरों को सौंप रहे हैं।

जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# करोड़ों रुपए मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जूनी इंदौर तहसील के ग्राम निपानिया में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।**

ग्राम निपानिया स्थित खसरा क्रमांक 31/1, रकबा 43,500 वर्गफीट की भूमि, जो कि शासकीय शहरी सीलिंग के नाम दर्ज है, पर अवैध अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने तत्काल जांच के आदेश दिए।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जूनी इंदौर श्री प्रदीप सोनी और तहसीलदार जूनी इंदौर श्रीमती प्रीति भिसे द्वारा मौके पर जांच की गई। जांच में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया।



इसके बाद आज 20 अगस्त 2025 को एसडीओ श्री प्रदीप सोनी के निर्देशन में तहसीलदार, नगर निगम एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान ग्राम निपानिया की भूमि, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये आंकी गई है, को अतिक्रमण मुक्त कर शासन के नाम पर पुनः सुरक्षित कर लिया गया।

इस कार्रवाई से शासन की बहुमूल्य संपत्ति संरक्षित हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर 14.61 लाख रुपए की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मंगल नगर में एक बुजुर्ग से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने इंश्योरेंस पॉलिसी के रुपए दिलाने के नाम पर 14 लाख 61 हजार रुपए की ठगी की। इंदौर क्राइम ब्रांच ने बुजुर्ग की शिकायत पर मंगलवार एफआईआर दर्ज कर की।

62 वर्षीय करण सिंह चौहान, निवासी मंगल नगर ने बताया कि जनवरी 2025 में उन्हें एक महिला का कॉल आया, जिसने खुद को भावना नामक मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की कर्मचारी बताया। उसने पॉलिसी से संबंधित बातचीत की और बताया कि उनकी एजेंट ने लिखित में कंपनी को सूचित किया है कि करण सिंह को पॉलिसी का पैसा नहीं चाहिए। करण सिंह ने इस




पर आपत्ति जताई और स्पष्ट किया कि उन्होंने या उनकी एजेंट ने इस तरह की कोई बात नहीं की है। इसके बाद भावना ने एजेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात कही और एक अन्य नंबर से कॉल आया। इस बार कॉल करने वाले ने खुद को इंश्योरेंस कंपनी का मैनेजर बताया। इसके बाद करण सिंह की बात एक सीनियर मैनेजर 'पीसी कोठारी' से कराई गई। उसने भरोसा जीतने के लिए लगातार फोन कॉल किए और पॉलिसी का पैसा वापस दिलाने का भरोसा दिलाया। बाद में करण सिंह ने बताया कि उन्हें बेटी के इलाज के लिए पैसे की जरूरत थी। इस पर पीसी कोठारी ने उन्हें पीएम राहत कोष और इंश्योरेंस के पैसे दिलाने के नाम पर अलग-अलग खातों में कुल 14 लाख 61 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। कुछ समय बाद, जब करण सिंह ने और जानकारी लेनी चाही और पैसे लौटाने की मांग की, तो आरोपियों ने कॉल उठाना बंद कर दिया। क्राइम ब्रांच ने करण सिंह की शिकायत पर महेन्द्र और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी नंबरों, बैंक खातों और साइबर ट्रांजेक्शनों की जांच कर रही है।

# संपत्ति कर नहीं भरने पर 36 दुकानें सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संपत्ति कर जमा नहीं करने पर नगर निगम ने 36 दुकानों को सील कर दिया। ये कार्रवाई बुधवार को जेल रोड पर सिद्धि विनायक मार्केट 2 की पहली मंजिल पर की गई। निगम अधिकारी का कहना है कि जब तक संपत्ति कर और कचरा शुल्क जमा नहीं किया जाएगा तब तक दुकानें नहीं खुलेगी।**

बुधवार को नगर निगम की जोन क्रमांक 3 की टीम सिद्धि विनायक मार्केट 2 पहुंची। यहां पहली मंजिल पर बनी 36 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। टीम ने यहां पहुंचने के बाद दुकानों पर संबंधित दस्तावेज चस्पा किए और दुकानों पर लगे तालों को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि दुकानदारों ने संपत्ति कर जमा नहीं करवाया था। इसके चलते नगर निगम की टीम ने ये कार्रवाई की है।जोन क्रमांक 3 के एआरओ अनिल निकम ने जानकारी दी कि सिद्धि विनायक मार्केट-2 में बिट्टू छाबड़ा ने मार्केट की पहली मंजिल पर स्थित 36 दुकानों की रजिस्ट्री कर दी, यानी इन दुकानों को बेच दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन 36 दुकानदारों में से कोई भी नगर निगम को न तो संपत्तिकर जमा कर रहा था और न ही कचरा शुल्क भर रहा था। इसी कारण निगम ने आज कार्रवाई की है। एआरओ ने कहा कि जैसे-जैसे दुकानदार अपनी रजिस्ट्री की प्रति निगम को उपलब्ध कराएंगे, वैसे-वैसे उनका संपत्तिकर खाता खोला जाएगा और नया अकाउंट तैयार किया जाएगा। दुकानदारों द्वारा निर्धारित राशि जमा करने पर ही दुकानों की सील हटाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि दुकान कितने स्क्वायर फीट में है, उसके आधार पर संपत्तिकर की राशि तय होगी। यदि कोई दुकानदार आज ही अपनी रजिस्ट्री की प्रति उपलब्ध कराता है, तो नगर निगम आज ही दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर देगा।

सरनेम बदल कर अमन ने की दोस्ती

# करता रहा रेप, फिर धर्म बदलने के लिए बनाया दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 26 वर्षीय युवती की शिकायत पर अमन खान उर्फ अमन साहू के खिलाफ रेप और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला दर्ज किया है।

युवती मूल रूप से सीहोर की रहने वाली है और फिलहाल इंदौर के पालदा में किराए के मकान में रहकर एक निजी कंपनी में काम करती है। मंगलवार रात बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचकर उसने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। युवती ने पुलिस को बताया कि करीब आठ माह पहले उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर अमन से हुई थी। उस समय उसकी प्रोफाइल पर अमन साहू



नाम लिखा हुआ था। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और दो माह तक चैटिंग के बाद फरवरी 2025 में अमन उसके किराए के कमरे पर आया। वहीं पहली बार शारीरिक संबंध बने। इसके बाद युवती को पता चला कि आरोपी का असली नाम अमन खान है और वह दूसरे धर्म से है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह युवती से शादी करेगा और इसके लिए इस्लाम छोड़ने की भी बात कही। लेकिन कुछ ही समय बाद उसने मारपीट शुरू कर दी और युवती को मंदिर जाने से भी रोकने लगा। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने कहा कि वह अपना धर्म नहीं बदलेगा, बल्कि शादी तभी होगी जब युवती धर्म परिवर्तन कर लेगी। करीब 15 दिन पहले आरोपी ने युवती के साथ फिर से मारपीट की। इसके बाद वह उसके कमरे पर आना बंद कर दिया। पीड़िता ने डर और सामाजिक बदनामी की वजह से शुरुआत में किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन आरोपी लगातार उसे धमकाकर संबंध बनाने के लिए दबाव डालता रहा। इससे परेशान होकर युवती ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को पूरी घटना बताई। इसके बाद कार्यकर्ता उसे थाने ले गए और मामला दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस अब पूरे मामले में जांच कर रही है।

# इंदौर जिले में अब तक 376.7 मिलीमीटर (14 इंच से अधिक) औसत वर्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 376.7 मिलीमीटर (लगभग 15 इंच) औसत वर्षा हो चुकी है। यह आंकड़ा गत वर्ष इस अवधि में दर्ज 498.5 (साढ़े 19 इंच से अधिक) मिलीमीटर औसत वर्षा से 121.8 मिलीमीटर (साढ़े चार इंच) कम है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 20 अगस्त की सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 76.4 मिलीमीटर, महू में 8.3 मिलीमीटर, सांवेर में 9.3 मिलीमीटर, देपालपुर में 26.8 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 8.7 मिलीमीटर तथा हातोद में 14 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसे मिलाकर जारी मानसून सत्र में अब तक वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 461.4 मिलीमीटर, महू में 430.2 मिलीमीटर, सांवेर में 356.3 मिलीमीटर, देपालपुर में 504.6 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 164.9 मिलीमीटर तथा हातोद में 342.9 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। इसी तरह गत वर्ष इस अवधि में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 435.5 मिलीमीटर, महू में 394 मिलीमीटर, सांवेर में 553.7 मिलीमीटर, देपालपुर में 662 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 553.2 मिलीमीटर तथा हातोद में 392.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी।

सम्पूर्णता अभियान से

# आकांक्षी जिलों और विकासखंडों के रहवासियों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप देश ने विकास की नई गति प्राप्त की है। पिछड़े जिलों और विकासखंडों को आकांक्षी रूप में चिन्हित कर विकास के लिए समन्वित प्रयास करना, इस दिशा में उठाया गया प्रभावी कदम है। आज आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह, जिला और विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना और सुशासन में आए सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है।**



इन जिलों और विकासखंडों के रहवासियों के जीवन और जीवन जीने की परिस्थितियों में आया बदलाव अभियान की सफलता को अभिव्यक्त करता है। सम्पूर्णता अभियान से आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें पोषक भोजन की उपलब्धता, बच्चों के टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, स्कूलों में बिजली की उपलब्धता और समय पर पाठ्य पुस्तक वितरण जैसी गतिविधियों में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदेश के आकांक्षी जिलों और विकासखंडों के अधिकारियों को उनकी टीम सहित सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने राज्य नीति आयोग द्वारा प्रदेश में संचालित विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर विकसित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित रही। मुख्य सचिव अनुराग जैन, नीति आयोग भारत सरकार के अपर सचिव रोहित कुमार और सदस्य प्रोफेसर रमेशचंद्र ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रदेश में शिक्षा, कृषि, उद्योग, रोजगार, ऊर्जा सहित सभी क्षेत्रों में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में अब 30 मेडिकल कॉलेज हो चुके हैं, इनमें से 10 पिछले सवा साल में शुरू किए गए। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए नदी जोड़ो परियोजना की शुरुआत की गई है। सवा साल में साढ़े सात लाख हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ा है। प्रदेश में खेती के साथ मत्स्य पालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में किसानों के लिए कृषि मेले, निवेश और उद्योग बढ़ाने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट और विभिन्न सेक्टर्स की रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जो कलेक्टर और अन्य अधिकारी बेहतर कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्य में लापरवाही को राज्य सरकार किसी भी स्थिति में अनदेखा नहीं करेगी।

## उज्जैन के नागदा में युवक-युवती की संदिग्ध मौत

### यात्री प्रतीक्षालय में शव के पास मिला जहर का पैकेट, प्रेम प्रसंग में सुसाइड की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन जिले के नागदा के डाबड़ी यात्री प्रतीक्षालय में एक युवक और नाबालिग युवती की लाश संदिग्ध हालत में मिली। दोनों के शव के पास से जहर का पैकेट बरामद हुआ है। पुलिस का अनुमान है कि प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने जहर खाकर जान दी। मृतकों की पहचान समरथ सूर्यवंशी निवासी थाना ताल और नाबालिग (17) निवासी थाना आलोट के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही नागदा जंक्शन और नागदा बिरला ग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि मृतिका युवती की गुमशुदगी का मामला पहले ही आलोट थाने में दर्ज था। पुलिस ने दोनों के परिवारों को सूचना दे दी है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## मंत्री श्री काश्यप ने महू के कोदरिया में ईटीपी प्लांट बनवाने की दी सहमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** एम.एस.एम.ई मंत्री चेतन्य काश्यप ने महू गोदरिया के कच्ची आलू पपड़ी (चिप्स) निर्माता संघ के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि एमएसएमई विभाग कोदरिया में ईटीपी प्लांट लगवाने में सहयोग करेगा। उन्होंने प्लांट के अध्ययन के लिए विभाग के अधिकारियों की एक टीम को वस्तुस्थिति का अवलोकन करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक सुश्री उषा ठाकुर के नेतृत्व में कच्ची आलू पपड़ी (चिप्स) निर्माता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने श्री काश्यप से भेंट कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया और प्रदूषित पानी के निवारण के लिए ईटीपी प्लांट बनवाने का अनुरोध किया था। मंत्री श्री काश्यप को प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि वर्ष 1984 से कोदरिया और उसके आसपास के क्षेत्रों में तीन से चार माह के लिए कच्ची आलू पपड़ी (चिप्स) निर्माण के लिए लगभग 150 कारखाने संचालित हो रहे हैं। इन कारखानों में लगभग 5 हजार महिला-पुरूष श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। इनमें लगभग तीन लाख मीट्रिक टन आलू का प्रसंस्करण कर कच्ची आलू पपड़ी (चिप्स) बनायी जाती है। इसके निर्माण के बाद जो पानी निकलता है, उसे विधिवत रूप से उपचारित न करने के कारण वह दुर्गंध युक्त हो जाता है, जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है।

## दंपती को 13 दिन डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख ठगे

### बैंक भेजकर एफडी तुड़वाई, 70 हजार में जमानत दी बुजुर्ग बोले- जिंदगीभर की कमाई ले गए

**खंडवा, एजेंसी।** तमाम जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद सायबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला खंडवा के पंधाना नगर का है। जहां बुजुर्ग दंपती को 13 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपए ठग लिए। इतनी बड़ी ठगी के लिए सायबर ठग ने बुजुर्ग को बैंक भेजकर एफडी तक तुड़वा दी। बाद में 70 हजार रूपए अलग से लेकर जमानत भी दें दी। खुलासा तब हुआ जब जन्माष्टमी पर महिला अपने मायके गई और भाई को पूरी आपबीती सुनाई।

पीड़ित दंपती के अनुसार उनकी पंधाना में बर्तनों की दुकान हैं। उनके बच्चे नहीं है, घर में दोनों अकेले रहते हैं। 18 जुलाई को उनके मोबाइल नंबर पर मुंबई के कोलंबा थाने से फोन आया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम कोलंबा थाने से बोल रहे हैं। आपके इस नंबर वाली सिम से हत्या, अपहरण और धोखाधड़ी की गई। फिर कहा कि मामला काफी गंभीर है। आपके खिलाफ जांच होगी, जिसमें आपको सहयोग करना होगा।

ठगों ने पुलिस बनकर जांच के नाम पर घर से बाहर तक नहीं निकलने दिया। कहा कि हमारे अलावा किसी का फोन नहीं उठाना है। दंपती के मुताबिक, उनके पास पहली बार इस तरह का कॉल आया था। वे काफी डर गए थे और उनकी बात मानते चले गए।

बुजुर्ग दंपती ने बताया कि ठगों ने हमें वीडियो कॉल किए, जिसमें पूरा थाना और वर्दी पहना हुआ पुलिस स्टाफ भी दिखाई देता था। ठगों ने कहा कि यदि आप घर में नहीं रहोगे तो आपको कोलंबा थाने आना पड़ेगा। दंपती ने कहा कि हम बुजुर्ग है, इतनी दूर कैसे आएंगे। इस पर ठगों ने उन्हें घर ही रहने की बात कहीं। इसके बाद 21 जुलाई को कहा कि आपके रुपयों की भी जांच करनी पड़ेगी।

# महाकाल की नगरी में गूंजेगा यह आकाशवाणी उज्जैन है...

### केंद्र की तैयारी अंतिम चरण में, चयन प्रक्रिया शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** महाकाल की नगरी उज्जैन में सितम्बर माह में अपने स्वयं के आकाशवाणी केंद्र से गूंजने जा रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से स्थापित हो रहा यह केंद्र अब प्रारंभिक चरणों से गुजरकर प्रसारण की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है। विक्रम विश्वविद्यालय की सतत् शिक्षा अध्ययनशाला परिसर स्थित पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में बुधवार को आकाशवाणी के लिए विभिन्न पदों हेतु चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ।



इस परीक्षा में शहर के 100 से अधिक आवेदक शामिल हुए। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज, आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट और सतत् शिक्षा अध्ययनशाला के प्रभारी संचालक डॉ सुशील कुमार शर्मा ने परीक्षा का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आकाशवाणी उज्जैन केंद्र में उद्घोषणा कार्य, महिला कार्यक्रम, ग्रामसभा, युववाणी कार्यक्रम के लिए समनुदेशिती अर्थात असाइनी के प्रोविजनल पैनल हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें करीब 130 आवेदको में से लगभग 100 आवेदको ने लिखित परीक्षा दी। यह चयन प्रक्रिया किसी नियमित रोजगार के लिए नहीं है, इसमें सफल उम्मीदवारों को कार्यक्रम संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिर्फ और सिर्फ जब जैसी आवश्यकता होगी के आधार पर कार्यक्रम कार्य हेतु प्रस्ताव दिया जा सकता है। श्री भट्ट ने बताया कि इस परीक्षा के दौरान विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने निरीक्षण करके महत्वपूर्ण निर्देश दिये। श्री भट्ट ने बताया कि आकाशवाणी उज्जैन केंद्र सितम्बर में ही अपना कार्य प्रारंभ करने की संभावना है, इस हेतु कार्यक्रम अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की जा चुकी है। श्री भट्ट ने बताया कि,लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का स्वर परीक्षण ऑडिशन 21 अगस्त को प्रार्थना 9:00 बजे से तथा स्वर परीक्षण में उत्तीर्ण आवेदकों का व्यक्तिगत साक्षात्कार दिनांक 22 अगस्त को होगा। युववाणी के आवेदक सीधे स्वर परीक्षण हेतु दिनांक 21 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे उपस्थित होंगे विस्तृत विवरण आवेदकों को व्हाट्सएप पर भेजे जाएंगे। इन सभी चरणों से गुजरने के बाद चयनित प्रतिभाओं को उद्घोषक, ग्रामसभा कार्यक्रम, युववाणी, महिला सभा तथा अन्य विशेष कार्यक्रमों में कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## संपादकीय

# अग्नि-5 का सफल परीक्षण

जिस बात को लेकर पाकिस्तान के अंदर कई दिनों से डर का माहौल था, आखिर भारत ने वह काम कर ही दिया। भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। यह मिसाइल टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। पाकिस्तान के अंदर इस मिसाइल का खौफ किस कदर है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि एक दिन पहले ही इस्लामाबाद के थिंक टैंक ने अग्नि-5 को लेकर PAK सरकार को चेतावनी दी थी। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित थिंक टैंक स्ट्रैटेजिक विजन इंस्टीट्यूट (SVR) ने अग्नि-5 को लेकर पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के साथ-साथ आर्मी चीफ असीम मुनीर को भी चेताया था। SVR ने कहा था कि अगर भारत इस मिसाइल का सफल परीक्षण कर लेता है तो यह पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी की तरह होगा। पाकिस्तान इस मिसाइल से इसलिए भी डरा हुआ है, क्योंकि इसकी रेंज 5000 किलोमीटर से भी ज्यादा है। बता दें कि यह मिसाइल भारत की इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) अग्नि-5 का एक संस्करण है। इसे भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने विकसित किया है। जून में यह जानकारी भी सामने आई थी कि DRDO इसे अपग्रेड करने की योजना बना रहा है, जिससे इसकी मारक क्षमता 7,500 किलोमीटर तक बढ़ जाएगी। बता दें कि पिछले साल भारत ने मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल (MIRV) क्षमता वाली अग्नि-5 मिसाइल का पहला परीक्षण किया था। यह तकनीक इस हथियार प्रणाली को कई परमाणु हथियारों से निपटने में सक्षम बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिशन में शामिल DRDO वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की थी। अग्नि-5 मिसाइल कई वॉरहेड ले जाने और एक से ज्यादा ठिकानों पर निशाना लगाने में सक्षम है। यह एमआईआरवी तकनीक यानी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल तकनीक से लैस है। यह क्षमता इसे एक खतरनाक हथियार बनाती है।

## OSHO कहिन

**"सच्ची मित्रता वही है, जो बिना शर्त और बिना अपेक्षाओं के हो।"**



## धर्म-कर्म

# हरतालिका तीज की पूजा किस समय करना उत्तम होता है?



सुख, समृद्धि, सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं 26 अगस्त को हस्त नक्षत्र और साध्य योग में हरियाली तीज व्रत करेंगी। सावन शुक्ल पक्ष तृतीया को हरियाली तीज मनाने की परंपरा है। इस व्रत में महिलाएं भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करती हैं और निर्जला उपवास रखती हैं। ज्योतिषाचार्य पं.शंभूनाथ झा बताते हैं कि हरियाली तीज व्रत की कथा सुनने का विधान है। इसमें महादेव, मां पार्वती को उनके पूर्व जन्म की याद दिलाते हैं। इसमें शिव विवाह के लिए उनके द्वारा किए गए कठोर तप की चर्चा की गई। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि हरियाली तीज व्रत की पूजा प्रदोष काल(गोधूलि बेला) में करना विशेष फलदायी होता है। जानें हरतालिका तीज पूजन का उत्तम मुहूर्त।

### ◆ हरतालिका तीज पूजन प्रातः काल मुहूर्त 2025

हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 25 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर प्रारंभ होगी और 26 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। हरतालिका तीज पूजन का सुबह के समय शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 56 मिनट से सुबह 08 बजकर 31 मिनट तक रहेगा।

### ◆ हरतालिका तीज के दिन पूजन का प्रदोष काल मुहूर्तः

हरतालिका तीज व्रत के दिन पूजन का गोधूलि मुहूर्त या प्रदोष काल का समय शाम 06:49 से शाम 07:11 बजे तक रहेगा।

### ◆ हरतालिका तीज व्रत पारण कब होगा

वत के दिन व्रती महिलाएं पूजा के दौरान मां पार्वती को श्रृंगार सामग्री समर्पित करती हैं। उनसे सुख-सौभाग्य का वरदान मांगती हैं। व्रती महिलाएं 27 अगस्त की सुबह भगवान शिव-पार्वती की पूजा के बाद प्रसाद लेकर व्रत का पारण करेंगी। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि भाद्रपद चतुर्थी तिथि( 27 अगस्त ) को मिथिलांचल की महिलाएं चौरचन व्रत अपने बच्चों के दीर्घायु और संपत्तिशाली होने के लिए मनाती है।

New Delhi

# रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार 20 अगस्त की सुबह एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी ने उस समय सीएम रेखा पर हमला किया जब वह जनसुनावाई कर रही थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान राजेश खिमजीभाई सकारिया के रूप में हुई है, जो गुजरात का रहने वाला है। आरोपी से दिल्ली पुलिस, खुफिया ब्यूरो (IB) और स्पेशल सेल की टीमें पूछताछ कर रही हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी राजेश के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। सीएम रेखा पर हमले के मामले में पुलिस स्टेशन सिविल लाइंस में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1)/132/221 के तहत



मामला दर्ज किया है। सरकारी कर्मचारी पर हमला करने के आरोप में बीएनएस की धारा 132, सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने के आरोप में बीएनएस की धारा 221 और हत्या कोशिश के लिए धारा 109 के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेश ने सीएम रेखा पर हमला करने से पहले गुजरात में अपने दोस्त के साथ बातचीत की थी। उसने फोन पर बताया कि वह शालीमार बाग स्थित सीएम आवास पर पहुंच गया है। पूछताछ के दौरान पता चला है कि वह पहली बार दिल्ली आया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

Rajasthan

### मध्यप्रदेश से राजस्थान आई मारुति सुजुकी इको के परखच्चे उड़े

## भीषण हादसे में 4 की दर्दनाक मौत



**कोटा, (एजेंसी) राजस्थान में कोटा-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर मंगलवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हुआ। धनेश्वर गांव के पास एक ईको वैन आगे चल रहे अज्ञात वाहन में जा घुसी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज कोटा न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है।**

पुलिस के अनुसार, मृतक और घायल यात्री मध्यप्रदेश के ब्यावरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। ये सभी ईको वैन से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहे थे। तभी अचानक वाहन हादसे का शिकार हो गया। डाबी थाना प्रभारी हेमराज शर्मा ने बताया कि ईको वैन आगे चल रहे किसी बड़े वाहन से टकराई। हालांकि घटना स्थल पर कोई दूसरा वाहन खड़ा नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के बाद ट्रक या बड़ा वाहन वहां से आगे निकल गया। हादसे के बाद दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो अन्य ने इलाज के दौरान कोटा मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। बाकी घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है और कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

Uttarpradesh

## गर्लफ्रेंड के किए 7 टुकड़े... 3 कुएं में डाले, बाकी नदी में फेंके

**झांसी, (एजेंसी)** झांसी में पूर्व प्रधान ने अपनी गर्लफ्रेंड की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश को 7 टुकड़ों में काटा डाला। 3 टुकड़े बोरियों में भरकर कुएं में फेंक दिए। बाकी टुकड़ों को 7 किलोमीटर दूर नदी में फेंक आया। 9 अगस्त को हुई इस वारदात में उसके 2 साथी भी शामिल थे। इसके 4 दिन बाद 13 अगस्त को कुएं के अंदर 2 बोरियों में 2 टुकड़े मिले, तो सनसनी फैल गई। इसके बाद पुलिस की 18 टीमों ने मिलकर मामले की छानबीन की। तब जाकर मंगलवार को शव की शिनाख्त रचना यादव (35) के रूप में हो पाई। इसके बाद पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए बुधवार को महेवा गांव के पूर्व प्रधान संजय पटेल और उसके भतीजे संदीप पटेल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने नदी के अंदर से महिला का सिर समेत अन्य बॉडी के पार्ट बरामद कर लिए। पुलिस ने संजय पटेल और संदीप पटेल को जेल भेज दिया है। अभी एक आरोपी प्रदीप उर्फ दीपक अहिरवार फरार है।

Chhattisgarh

## 8 नक्सलियों ने छोड़ा माओवाद का रास्ता

**नारायणपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। नारायणपुर जिले में आठ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले नक्सली लंबे समय से इलाके में एक्टिव थे। उनके खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं। दो महिला नक्सलियों समेत आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में इसे बड़ी सफलता मानी जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि जिन नक्सलियों ने सरेंडर किया है



उनमें सुखलाल जुर्री, हुर्रा उर्फ हिमांशु मिड़ियाम, कमला गोटा, राजू पोडियाम उर्फ सुनील पोडियाम, दीपा पुनेम, मनीराम कोर्राम, सुक्कू फरसा उर्फ नागेश और रामू राम पोयाम शामिल हैं।

खेल

## महीश तीक्षणा को झटका, केशव महाराज बने नंबर-1 वनडे गेंदबाज, शीर्ष-10 में सिर्फ दो भारतीय

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की सीरीज के पहले वनडे में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे। कुलदीप के अलावा रवींद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। भारतीय टीम ने




चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई वनडे मैच नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के आखिरी मैच में 18 रन देकर छह विकेट लिए थे। वह 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद (15 पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर) और वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस (पांच पायदान के फायदे से 58वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में नाबाद 120 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं जबकि एडेन मार्करम (चार पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर), तेम्बा बावुमा (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर) और मिचेल मार्श (छह पायदान ऊपर 48वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे और यशस्वी जायसवाल 10वें स्थान पर हैं।

दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस सुधार जारी रखते हुए नौ स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के मार्श और ग्लेन मैक्सवेल क्रमशः चार और 10 स्थान की छलांग लगाकर 25वें और 30वें स्थान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस (तीन स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) और जोश हेजलवुड (दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) ने महत्वपूर्ण सुधार किया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा 44वें स्थान से 37वें स्थान पर पहुंच गए।

सिनेमा

## मुश्किल में अक्षय कुमार-अरशद वारसी, 'जॉली LLB 3' के सिलसिले में कोर्ट ने दोनों को भेजा समन



कुछ समय पहले ही अक्षय कुमार और अरशद वारसी ने 'जॉली एलएलबी 3' की अनाउंसमेंट की थी. फैन्स काफी उत्साह से भर उठे थे. एक बार फिर से उनको कोर्ट रूम ड्रामा जो देखने को मिलने वाला था. लेकिन अब ये फइल्म विवादों में फंसती नजर आ रही है. दरअसल, अक्षय और अरशद को इस फिल्म के सिलसिले में पुणे सिविल कोर्ट की ओर से समन मिला है. इस फिल्म के खिलाफ एक पेटीशन फाइल हुई है. 19 सितंबर को फिल्म रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले ही इस मामले को सुल्टाया जाएगा. वकील वाजेद खान और गणेश मास्खे ने पेटीशन फाइल की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वकीलों और जज को इस फिल्म में बहुत ही खराब और अनुचित ढंग से दिखाया और पेश किया गया है. एक्टर्स और फिल्ममेकर्स ने लीगल प्रोफेशल्स को खराब ह्यूमर के साथ पेश किया है. इस मामले को देखते हुए 12वें जूनियर डिविजन सिविल जज जे जी पवार ने एक्टर्स और फिल्म के प्रोड्यूसर्स को समन भेजा है. उनसे कहा है कि वो 28 अगस्त को कोर्ट में पेश हों. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज पर भी रोक लगाने की बात कही है. ये मामला तब बढ़ा जब फिल्म का टीजर रिलीज हुआ.

## Highlights

1. India at UN tells about Pak army's sexual violence against women during 1971 war
2. PM Modi, other leaders pay tributes on Rajiv Gandhi's birth anniversary
3.
4. BMC receives over 10,000 pothole complaints
5. 20-year-old college student found dead in Chitradurga
6. Heavy to extremely heavy rainfall warning issued for 19 states, list released
7. K'taka Cabinet approves splitting of 17% SC quota in 3 categories
8. PM Modi won 2024 polls from Varanasi by vote manipulation: Ajay
9. 'Mushroom City' struggles without its compost heart

# Real Money Out, Esports In: Online Gaming Bill Clears Lok Sabha | 5 Key Points



**NEW DEIHI, (Agency).** The Lok Sabha on Wednesday passed the online gaming bill to ban real money online games, citing instances of gambling addiction, money laundering and financial frauds. The legislation will now go to the Rajya Sabha for approval to become a law.

The move affects India's $3.8 billion gaming industry, which has drawn global investors and fostered fantasy sports apps like Dream11, Games24X7 and Mobile Premier League.

The Promotion and Regulation of Online Gaming Bill, 2025, was tabled in the Lok Sabha on Wednesday evening. It essentially bans online gaming apps that require users to pay money to win cash.

"The government believes that the harms of addiction, financial loss and even extreme consequences such as suicides associated with online money gaming can be prevented by prevention of such activities," according to a media statement released by the government.

"Additionally, online money gaming platforms are often misused for financial fraud, money laundering, terror financing and messaging activity that compromise national security," it added.

### Against that back-drop, here's the Online Gaming Bill explained in five points:

1. Promotion and recognition of esports

Under the Online Gaming Bill, esports will be recognised as a legitimate form of competitive sport in India. The Union Ministry of Sports will frame guidelines and standards for conduct of esports events in India, as well as establishment of training academies, research centres and technology platforms. The bill also provides for incentive schemes, awareness campaigns and integration of esports into broader sports policy.

2. Promotion of social and educational games

The Online Gaming Bill allows the government to "recognise, categorise, and register" online social games. That will be brought on by building platforms for development and distribution of safe, age-appropriate social and educational games. A special emphasis will be laid on cultural and educational games aligned with Indian values.

3. Prohibition of harmful online money games

The Online Gaming Bill proposes a complete ban on offering, operating or facilitating online money games, irrespective of whether based on skill, chance, or both. These games cannot be advertised or promoted on any form of media. Banks and payment systems are barred from processing payments.

The online money games, which are currently operational in the country, will be blocked under the Information Technology Act, 2000.

4. Establishment of an online gaming authority

The bill proposes to set up a national online gaming authority for oversight. Its functions would include:

Categorisation and registration of online games

Determination of whether a game qualifies as a money game.

Handling complaints and grievances related to online games.

This body will be responsible for issuing guidelines, orders and codes of practice to ensure compliance with the laws of the land.

5. Offences & Penalties

The bill proposes imprisonment up to three years and/or fine of up to ₹1 crore for entities involved in or facilitating online money gaming.

Advertising such games will attract a penalty of ₹50 lakh or up to two years of imprisonment.

Any financial transaction related to money games will result in imprisonment of up to three years and/or a fine of up to ₹1 crore.

A repeat offence would attract enhanced penalties, including jail for 3-5 years and fine of up to ₹2 crore.

Indian lawmakers feel an outright ban on online money gaming would be more effective than regulation, considering the financial ruin caused to many households through "manipulative design features and addictive algorithms", according to the media statement.

# बेकाबू बस ने बाइक, रिक्शा व कार को मारी टक्कर

## हादसे में दो की मौत, एक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बेकाबू हुई एक कॉलेज की बस ने दो छात्राओं, एक बाइक सवार युवक, ऑटो और कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक और एक छात्रा की मौत हो गई।**

ये घटना बुधवार शाम करीब 4.30 बजे शहर के अंतिम चौराहे पर हुई। हादसे में एक अन्य छात्रा और ऑटो ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए क्लॉथ मार्केट अस्पताल ले जाया गया। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक- एकांश पांड्या (उम्र 33 वर्ष) बाइक से जा रहे थे, तभी निजी कॉलेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एकांश की मौके पर ही मौत हो गई। बस ने आगे बढ़ते हुए घर जा रही दो छात्राओं को भी अपनी चपेट में ले लिया। इनमें से एक 12वीं क्लास की छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल है। इसके बाद बस ने एक ऑटो रिक्शा और एक कार को भी टक्कर मारी। हादसे में ऑटो ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे में छात्रा मानसी श्रीवास (16) पिता अजय, निवासी हुकुमचंद कॉलोनी की मौत हो हुई है। मानसी क्लॉथ मार्केट स्कूल में पढ़ाई कर रही थी। पिता अकाउंटेंट है। मानसी का एक छोटा भाई है। बाइक सवार मृतक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। जो बड़े गणपति के पास ही रहता है। अपनी मां के लिए दवाई लेने मेट्रो अस्पताल आ रहा था। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। पिता सुशील बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का काम करते हैं। परिवार में एक छोटा भाई और 3 साल की बेटी है। बस पर मेडीकेप्स यूनिवर्सिटी लिखा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त बस की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद लोगों ने बस को मौके पर रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है।


मानसी श्रीवास, मृतक    एकांश, मृतक

# निजी स्कूल संचालक पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगीन नगर में करंट लगने से एल्युमीनियम सेक्शन का काम करने वाले कारीगर की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा घायल हो गया। पुलिस ने जांच के बाद निजी स्कूल संचालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार, मृतक संजय (पुत्र लखनलाल काकरवाल), निवासी राजनगर, अपने भतीजे शुभम के साथ 24 जून को एमबीएस स्कूल में एल्युमीनियम की खिड़की लगाने गया था। दोनों दूसरी मंजिल पर काम कर रहे थे। इसी दौरान खिड़की का एल्युमीनियम फ्रेम पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगते ही संजय नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई, जबकि शुभम झुलसकर घायल हो गया। घटना के बाद शुभम ने चाचा को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस जांच में सामने आया कि स्कूल संचालक दिनेश (पुत्र लाल कुमावत, निवासी नंदन नगर) ने कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजाम नहीं किए थे। शुभम के बयान के आधार पर पुलिस ने दिनेश के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक